**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-18 का उत्तर ।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 18- (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि ग्राम सभा धुई, भावापुर, तहसील-पट्टी जनपद-प्रतापगढ़ में वित्तीय वर्ष 2022-23 में क्या-क्या विकास कार्य किये गये है, और वित्तीय वर्ष 2023-24 में क्या-क्या विकास कार्य किये जाने का लक्ष्य है? | ग्राम सभा धुई भावापुर तहसील पट्टी जनपद प्रतापगढ़ में वित्तीय वर्ष 2022-23 में निम्नवत कार्य कराये गये :-<br>1. पिच रोड से गोपीचन्द के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य ।<br>2. गुडिया तालाब का जीर्णोद्धार ।<br>3. नरसिंह नाला की सफाई ।<br>4. अभिषेक तिवारी सुत रामप्यारे तिवारी के घर के पास हैण्डपम्प रिबोर ।<br>5. प्रेमनाथ सुत सदासूरत के घर के पास हैण्डपम्प रिबोर ।<br>6. संदीप सुत शिवचन्द्र के घर के पास हैण्डपम्प रिबोर।<br><br>ग्राम सभा धुई भावापुर तहसील पट्टी जनपद प्रतापगढ़ में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्नवत कार्य कराये गये :-<br>1. पिच रोड से सोमारू के घर तक इण्टरलांकिग कार्य।<br>2. संजय के घर से गुड्डू के घर तक खडण्जा ।<br>3. शिवचन्द्र के खेत का समतलीकरण ।<br>4. राजेश तिवारी सुत शम्भू प्रसाद के घर के पास हैण्डपम्प रिबोर ।<br>5. रमेश्वर के घर से गोपालपुर बार्डर तक चकरोड निर्माण ।<br><br>उक्त के अतिरिक्त वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित कार्य एवं उपलब्ध धनराशि के आधार पर विकास कार्य कराये जायेगें। |
| (ख) क्या जानकी पाण्डेय के घर से कालीचरण पाण्डेय के खेत तक की नाली बनाये जाने का प्रस्ताव वित्तीय वर्ष, 2023-24 की कार्य योजना में सम्मिलित किया गया है ? | जी नहीं । |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक उक्त नाली का निर्माण करा दिया जायेगा? | जानकी पाण्डेय के घर से कालीचरण पाण्डेय के खेत तक नाली वर्तमान में अस्तित्व में नहीं हैं । उक्त स्थल पर लगभग 50 वर्षों से लोगो के घर निर्मित हैं । ग्राम सभा की बैठक में ग्राम सभा द्वारा कभी भी उक्त कार्य को कराये जाने की मांग नहीं की गई है । |
| (घ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेंज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार । |

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री।

question 2024